महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक– 2364/कु0का0/2023 दिनांक– 26/10/2023

सेवा में,

प्राचार्य/ प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

विषय– सत्र 2022–23 के स्नातक/परास्नातक/व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के सम एवं वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत परास्नातक अन्तिम वर्ष की सम्पादित परीक्षाओं के प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा एवं प्रयोगात्मक/आन्तरिक मूल्यांकन के अंकपर्ण उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक 1690/कु0का0/2023 दिनांक 15.06.2023, पत्रांक 1825/कु0का0/2023 दिनांक 26.07.2023 तथा पत्रांक 2245/कु0का0/2023 दिनांक 03.10.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके द्वारा सत्र 2022–23 के स्नातक/परास्नातक/व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के सम एवं वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत परास्नातक अन्तिम वर्ष की सम्पादित परीक्षाओं के प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा एवं प्रयोगात्मक/आन्तरिक मूल्यांकन के अंकपर्ण उपलब्ध कराने हेतु सूचित किया गया है, के क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऐसे महाविद्यालय जिनके द्वारा अभी तक उक्त अंक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, के द्वारा विलम्बतम 05 दिनों के अन्दर प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा एवं आन्तरिक मूल्यांकन का अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कर विश्वविद्यालय को हार्डकापी उपलब्ध करा दी जाय। निर्धारित समयावधि में प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा एवं आन्तरिक मूल्यांकन का अंक अपलोड न किए जाने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय का परीक्षाफल घोषित नहीं हो पाएगा। साथ ही उस महाविद्यालय के छात्र/छात्रा आगामी परीक्षा फार्म (दिसम्बर परीक्षा–2023) भरने से भी वंचित रह जायेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

भवदीय

26.10.23
(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner